हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 गुड़ उद्योगों पर प्रशासन का शिकंजाः कलेक्टर ने 31 तक मांगी तय प्रारूप में जानकारी




## खबर संक्षेप

### पटना में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण



**पटना।** नगर पंचायत पटना में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर नवनिर्मित अटल परिसर का भव्य लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम सुशासन दिवस के रूप में भी मनाया गया। इसमें अटल जी के विचारों, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में नगर पंचायत पटना की अध्यक्ष गायत्री सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने लोकतंत्र, सुशासन और विकास को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल परिसर नगर पंचायत के लिए प्रेरणा का केन्द्र बनेगा और आमजन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, रविशंकर शर्मा, जवाहर गुप्ता, अंशु देवांगन, सुनील सिंह सहित नगर पंचायत पटना के सभी पार्षदगण उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के विभिन्न पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### नियम उल्लंघन पर नोटिस, स्टॉक पर रोक



**मनेन्द्रगढ़।** संचालनालय कृषि छग रायपुर द्वारा जैव-उत्प्रेरक के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में उप संचालक कृषि, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के आदेश पर शुक्रवार को मनेन्द्रगढ़ स्थित एक कृषि सेवा केन्द्र में जांच कार्रवाई की गई। जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी महेश पैकरा सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मनेन्द्रगढ़, उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक नोडल अधिकारी जितेन्द्र झा कृषि विकास अधिकारी द्वारा मनेन्द्रगढ़ स्थित मेसर्स राधिका कृषि सेवा केन्द्र, प्रोपराइटर श्रीमती राधिका सिंह के प्रतिष्ठान में की गई। जांच में पाया गया कि प्रतिष्ठान में उपलब्ध जैव-उत्प्रेरक का विवरण अनिवार्य प्रारूप ए-2 में दर्ज नहीं था, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 एवं संचालनालय कृषि के निर्देशों का उल्लंघन है। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 3 दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रतिष्ठान में उपलब्ध 8 लीटर जैव-उत्प्रेरक स्टॉक को विक्रय से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### जनकपुर का खेल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन



**मनेन्द्रगढ़।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जनकपुर के विद्यार्थियों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2025 में उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। बिलासपुर में आयोजित डीएवी जोनल लेवल स्पोर्ट्स मीट में विद्यालय की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान सेकंड पोजीशन प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में अक्षय सिंह चौहान, मयंक मिश्रा एवं अथर्व पांडे शामिल हैं। ये तीनों खिलाड़ी अब हरिद्वार में आयोजित होने वाली डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। यह सफलता डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जनकपुर के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।


### भूकंप की तीव्रता 4.0, दहशतजदा रहे रहवासी

# चरचा कॉलरी में महसूस किए गए भूकंप के झटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट कोयलांचल चरचा कॉलरी में 26 दिसंबर की रात्रि में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, इससे किसी तरह के नुकसान नहीं हुआ। नेशनल सेंटर फॉर सिसमोलॉजी ने भूकंप की तीव्रता 4.0 दर्ज की गई, जिसकी गहराई जमीने से 15 किमी गहराई में बताया जा रहा है।

मौसम कार्यालय अंबिकापुर के मौसम विज्ञानियों ने पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर की रात्रि 9 बजकर 30 मिनट 21 सेकेंड पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से करीब 10 किमी दूर प्रमुख कोयलांचल चरचा कॉलरी में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता सिसमोग्राफ में 4 दशमल 0 तीव्रता दर्ज की गई। भूकंप का केन्द्र 70 किमी दूर अंबिकापुर क्षेत्र में 15 किमी गहराई पर मापी गई, इसके चलते चरचा कालरी में मध्यम तीव्रत का भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान चरचा कॉलरी के कई लोग अपने घरों के बाहर निकल गए, वहीं कई लोगों को सही जानकारी भी नहीं हो सकी।




हल्के झटके के चलते ज्यादातर लोगों को इसकी जानकारी नहीं हो पाई, लेकिन कुछ लोगों ने झटकों को महसूस किया और वे तत्काल अपने घर के बाहर निकल गए, इसके बाद अन्य लोगों को भूकंप के बारे में पता चल सका। आए भूकंप से चरचा कॉलरी एवं आस-पास के क्षेत्रो में किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### कोरिया में कई बार आए थे भूकंप

कोरिया जिले में तीन वर्ष के अंतराल में कई बार भूकंप के झटके आए, लेकिन हल्के व हल्के से उच्च तीव्रता वाले भूकंप आ चुके हैं, जिनसे क्षति नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार 11 जुलाई 2022 को सुबह 8 बजकर 10 बजे कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर व आस-पास क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिसकी तीव्रता 4 दशमलव 3 रिएक्टर मापी गई थी जो हल्के से उच्च तीव्रता वाला था, लेकिन इससे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। भूकंप के झटके से सोनहत जनपद के ग्राम कटगोड़ी क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस हुए। इसके 18 दिन बाद 29 जुलाई को दुबारा कोरिया जिले में भूकंप आया, जिसका केन्द्र छिंदडॉड के समीप रहा और इसकी तीव्रता 4 रिएक्टर से अधिक थी, लेकिन किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुई थी। इसके बाद भी कोरिया जिले में कई बार भूकंप के झटके आए थे।

### भूकंप के लिए संवेदनशील कोरिया

कोरिया जिला भूकंप के लिए संवेदनशील जिले में शामिल है। इस जिले में माईनिंग एरिया भी है और फॉल्ट लाइन के करीब होने के कारण भूकंप के प्रति संवेदनशील माना जाता है। यही कारण है कि कोरिया जिले में समय-समय पर भूकंप आते रहे हैं। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में वर्ष 2022, वर्ष 2023, 2024 के बाद 2025 में भूकंप के झटके दर्ज किए गए।

### क्यो आते हैं भूकंप

पृथ्वी के नीचे मौजूद कई प्लेटे हमेशा धीरे-धीरे तैरती रहती है, जब ये प्लेटे आपस में टकराती है तब एक-दूसरे से दूर जाती है या एक-दूसरे के उपर फिसलती है तो भारी ऊर्जा पैदा होती है, यही उर्जा कंपन के रूप में जमीन पर महसूस होती है, जिसे हम भूकंप कहते हैं।

### कंपन महसूस किए

चरचा कॉलरी निवासी मुकेश यादव ने बताया कि बीती रात्रि करीब 9:40 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इससे कुछ देर के लिए मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि अब तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे कर्मचारी।

## फेडरेशन का तीन दिवसीय काम बंद कलम बंद आंदोलन कल से

**बैकुण्ठपुर।** छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल का आयोजन किया जा रहा है।

■ कर्मचारियों में भारी नाराजगी

फेडरेशन ने आरोप लगाया है कि मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। प्रदेश में लगभग 4 लाख 50 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं, इनमें से करीब 4 लाख 10 हजार नियमित कर्मचारी हैं। फेडरेशन के अनुसार कर्मचारियों को अब तक महंगाई भत्ता (डीए) एवं डीए एरियर्स का लाभ नहीं दिया गया है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। फेडरेशन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार सरकार से बातचीत की कोशिश कर चुका है, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण आंदोलन का रास्ता अपनाया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला संयोजक डॉ.आरएस चंदे ने बताया कि अब आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। आंदोलन के प्रथम दिवस 29 दिसंबर की सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रेमाबाग धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन। द्वितीय दिवस 30 दिसंबर को धरना उपरांत दोपहर 2 बजे मशाल रैली का आयोजन, घड़ी चौक पहुंचकर ब्लॉक स्तर से एसडीएम को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। तृतीय दिवस 31 दिसंबर को दोपहर बाद बाइक रैली के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## बांग्लादेश के पीएम का फूंका पुतला

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू सभा एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में भगत सिंह तिराहा मनेन्द्रगढ़ में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। प्रदर्शन के माध्यम से संगठनों ने बांग्लादेश में हिंदू समाज के विरूद्ध हो रही घटनाओं पर आक्रोश व्यक्त किया।

इस अवसर पर हिन्दू सभा के संयोजक सुदर्शन अग्रवाल ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं। उन्होंने अंतरराष्टीय मंचों पर इस विषय को गंभीरता से उठाने की मांग की और केन्द्र सरकार से कूटनीतिक दबाव बनाने का आग्रह किया। रतन केसरवानी विश्व हिंदू परिषद छग प्रांत के गौ रक्षा प्रमुख ने कहा कि हिंदू समाज की सुरक्षा केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय है। उन्होंने एकजुटता का आह्वान करते हुए कहा कि संगठित होकर ही पीड़ितों को न्याय दिलाया जा सकता है। डॉ. रश्मि सोनकर ने अपने संबोधन में महिलाओं और बच्चों पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि मानवता के नाते सभी देशों को आगे आकर पीड़ितों की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने समाज से संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में जेके सिंह, रामचरित द्विवेदी, अपूर्व कर, रवि कुमार सिंह, राहुल जायसवाल, प्रियांशु मिश्रा, विशाल यादव, संस्कार सिंह, संदीप मिश्रा, जलज सिंह परिहार, वीर यादव, मनोज तिवारी, आर्यन सहित महिला कार्यकर्ताओं में पूजा घोषाल, कुसुम जायसवाल, रोशनी मिश्रा, मधु केसरवानी, दीपिका केवट, खुशबू दास, गूंजन की सक्रिय सहभागिता रही। इसके अलावा गौरव मिश्रा, अशोक खटीक, अंकित मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, अनीश केवट, राजू श्रीवाश, गणेश सिंह, किशन यादव, गीता पासी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर कदम पारा में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कदमपारा रोड लाइट के नीचे बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे शांतिनगर के मंगल दास आ. स्व.मोहन दास (35 वर्ष), प्रभांत विश्वास आ. नन्दु (34 वर्ष), बैकोना के महेन्द्र पैकरा आ. रामलाल (25 वर्ष),कदमपारा के श्यामलाल आ. स्व. महादेव (42वर्ष) व मनोज सिंह आ. स्व. रामचंद (45वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 2050 रूपये जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज किया।

**कार दुर्घटनाग्रस्त...**



**बैकुण्ठपुर।** भैयाथान खोपा से पूजा-अर्चना कर कार से लौट रहे चिरमिरी का परिवार छिंदिया नकटापारा कुड़ेली मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसमें सवार लोगों को मामूली चोटे आई। कार बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि टर्निंग पाइंट पर पुलिया में डिवाईडर नहीं होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।



## बैकुंठपुर के 6 विद्यार्थियों का चयन

**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल द्वारा कोरिया जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी सीएसआर पहल एसईसीएल के सुश्रुत के अंतर्गत बैकुंठपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को नीट जैसी प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाती है। चयनित विद्यार्थियों को प्रीमियर अकादमी, बिलासपुर में नीट की तैयारी कराई जाती है, जहां उन्हें निःशुल्क आवास, अध्ययन सामग्री, स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र से इस योजना के अंतर्गत कुल 36 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लिया, जिसमें से 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है, बल्कि एसईसीएल की समावेशी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महा प्रबंधक, बीएन झा ने चयनित सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि ये सभी विद्यार्थी नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने सपनों के एमबीबीएस कॉलेज में प्रवेश प्राप्त करेंगे तथा भविष्य में सफल चिकित्सक बनकर समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। एसईसीएल की यह पहल ग्रामीण प्रतिभाओं को सशक्त बनाने तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण की दिशा में सार्थक कदम है।

## मंदिर में चोरी का आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के सख्त निर्देशों के बाद बिजुरी पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर को दुर्ग (छग) से गिरफ्तार कर लिया है।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास सिंह की विशेष सूझबूझ और सक्रियता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीती 30 नवंबर की सुबह हनुमान मंदिर के पुजारी जीवनलाल द्विवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर ने मंदिर का ताला तोड़कर भगवान का मुकुट और दान पेटी से नकदी पार कर दी है। इस घटना से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश और असंतोष व्याप्त था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी



मोतीउर रहमान ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी की तलाश के निर्देश दिए थे। तकनीकी साक्ष्य और विकास सिंह का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम व एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास सिंह ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबीर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से संदिग्ध की पहचान रामचंद्र सिंह राठौर निवासी अनूपपुर के रूप में हुई। आरोपी को पुलिस ने भिलाई (दुर्ग) से हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने मंदिर में चोरी की बात स्वीकार की। उसने बताया कि चोरी किया गया मुकुट उसने अनूपपुर के विकास सोनी को बेच दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी में इस्तेमाल एक्सल रॉड और चोरी गया चांदी का मुकुट बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी रामचंद्र सिंह राठौर एक आदतन अपराधी है। इसके विरूद्ध पूर्व में भी कई जिलों में चोरी के मामले दर्ज हैं। इसमें दुर्ग 5 मामले, बिलासपुर 2 मामले,अनूपपुर (म.प्र.) 2 मामले, मंडला व गौरेला 1-1 मामला दर्ज है। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी विकास सिंह ने पाया कि कई दुकानों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं।

## 42 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नशेले इंजेक्शन लेकर जा रहे ऑटो चालक ने संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने ऑटो चालक के पास से 42 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। ऑटो चालक ने न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि ऑटो चालक बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन लेकर जा रहा है। सूचना पर डिगमा क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध ऑटो चालक टीम ने रोकने की कोशिश की गई परंतु वह तेजी से भागने लगा और डिगमा स्टेडियम में घुस गया। जिस पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने उसे घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ में ऑटो चालक ने पूछने पर अपना नाम राज भान सिंह एवं ग्राम डिगमा निवासी बताया। टीम ने ऑटो की तलाशी ली तो पिछली सीट के नीचे रखें एक सफेद रंग के प्लास्टिक झोला मिला जिसमें कुल 42 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने आरोपी ऑटो चालक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि आरोपी मध्य प्रदेश का रहने वाला है और उसका घर जय सिंह नगर जिला शहडोल में है वह अंबिकापुर में डिगमा में किराए के मकान में रहकर ऑटो चलाता है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई।

कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

### कचरे के वाहन से महिला सफाई कर्मियों को लाने का आरोप

# कार्यक्रम में भीड़ जुटाने लाए गए सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

एक कार्यक्रम में नगर पालिका निगम चिरमिरी के प्रशासनिक अमले की संवेदनहीता और लापरवाही ने स्थानीय जन को अचंभित और दुखी कर दिया। मामला नगर पालिका निगम चिरमिरी क्षेत्र में अटल परिसर के लोकार्पण का था।

राज्य सरकार के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 101 में जन्म दिवस के अवसर पर राज्य के 115 अलग-अलग स्थानों पर अटल परिसर के लोकार्पण का कार्यक्रम रखा गया था। नगर पालिक निगम चिरमिरी के द्वारा भी निगम कार्यालय के सामने अटल परिसर लोकार्पण का कार्यक्रम रखा गया था। निगम के प्रशासनिक अमले की लापरवाही से और जनता व प्रतिनिधियों से उनके सीधे जुड़ाव



न होने के कारण कार्यक्रम में लोगों की सहभागिता बहुत कम रही। यही कारण है कि लोगों की कम उपस्थिति को छुपाने के लिए निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को वहां उपस्थित रहने आदेशित किया गया। आरोप है कि उन्हें क्रिसमस का कार्यक्रम है कह कर बुलाया गया और ना आने पर उनकी कार्य पर अनुपस्थित दिखा कर उनकी दैनिक मजदूरी काटने की धमकी भी दी गई। पुरूष सफाई कर्मी तो किसी तरह अपने साधन से कार्य स्थल पर पहुंच गए किंतु महिला सफाई कर्मचारी किस तरह वहां जाए यह समस्या थी।

निगम के कचरा ढोने वाले वाहनों में, जिनमें घरों से निकलने वाला कचरा संग्रहित किया जाता है, जिनमें रोज घरों की गंदगी कचरा और बदबूदार अपशिष्ट सामग्रियों को डंप किया जाता है, उसी गाड़ी में महिला सफाई कर्मियों को भरकर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। जिन महिला सफाई कर्मियों ने आनाकानी की, उन्हें अनुपस्थित करने की धमकी देकर दबाव बनाकर उन्हें उसी कचरे वाली गाड़ी में लाया गया।

### विवादित विषय नहीं है

मुझे इसकी जानकारी मिली है। सफाई दीदियां और गाड़ी के ड्राइवर मिलजुल कर काम करते हैं। चिरमिरी में आने-जाने के लिए संसाधनों की कमी है। हो सकता है कि सफाई वाली दीदियां लिफ्ट लेकर उसमें बैठकर चली गई हो। मुझे नहीं लगता कि यह कोई बहुत बड़ा विवादित विषय है।

**-रामनरेश राय**
महापौर, चिरमिरी

## चिरमिरी-नागपुर रेलवे लाइन परियोजना में भू-स्वामियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

रेल अधिनियम 1989 के अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट नई ब्राड गेज रेलवे लाइन परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि के मामलों में प्रभावित भू-स्वामियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।

शासन द्वारा जारी नवीन मार्गदर्शिका उपबंध 2025-26 एवं अद्यतन बाजार मूल्य के आधार पर प्राथमिक प्रतिकर की राशि का पुनः परीक्षण कर उसे संशोधित किया गया है। इस प्रक्रिया में भूमि के बाजार मूल्य के साथ-साथ संरचनाओं, परिसंपत्तियों एवं अन्य वैधानिक मदों को ध्यान में रखते हुए नई गणना की गई है, जो संबंधित सभी हितग्राहियों पर लागू होगी। नवीन मार्गदर्शिका लागू होने के पश्चात उप तहसील नागपुर, तहसील मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत चिरईपानी, सरोला, बंजी, खैरबना एवं सरभोका ग्रामों में अधिग्रहित भूमि के प्रतिकर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पुराने मार्गदर्शिका 2019-20 एवं तत्कालीन बाजार मूल्य के आधार पर जहां कुल प्राथमिक प्रतिकर राशि 6 करोड़ 1 लाख 56 हजार 713 रूपए आंकी गई थी, वहीं नवीन मार्गदर्शिका 2025-26 एवं वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार यह राशि बढ़कर 9 करोड़ 37 लाख 50 हजार 677 रूपए हो गई है। इस प्रकार कुल 3 करोड़ 35 लाख 93 हजार 964 रूपए की वृद्धि हुई है, जिससे बड़ी संख्या में प्रभावित किसानों एवं भू-स्वामियों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह संशोधित प्राथमिक प्रतिकर गणना अनंतिम है तथा दावा एवं आपत्तियों पर सुनवाई के पश्चात इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी (भू-अर्जन) अनिल कुमार सिदार के आदेशानुसार यह कदम शासन की नवीन नीति एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अनुरूप उठाया गया है।

